**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**31 जुलाई 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त परसों जारी की जाएगी।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शहीद उद्धम सिंह को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

3. मुख्यमंत्री ने सिरसा में शहीद उद्धम सिंह के शहीदी दिवस पर आयोजित समारोह में बाबा भूमणशाह के नाम से राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण करवाने की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया।

4. वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज बल्लभगढ़ में पौधारोपण किया गया।

5. हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कुछ देर में आन्स्वर की जारी की जाएगी।

**************************************************************

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त परसों जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस संबंध में नई दिल्ली में कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस दौरान श्री चौहान ने अधिकारियों को राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ग्राम स्तर पर किसानों को इस कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने समूचे देश के किसानों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया।

***प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी दो अगस्त को ठीक ग्यारह बजे प्रधानमंत्री के साथ सम्मान निधि की राशि आपके खाते में डालने वाले इस अवसर पर वो जुड़कर आपसे बात भी करेंगे। कार्यक्रम आपके गांव में भी होगा। सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों पर होगा। आईसीआर के संस्थानों में होगा। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज में होगा। मंडियों में होगा, पैक्स के मुख्यालयों पर होगा और इसलिए ये मेरी आप सबसे प्रार्थना है प्रधानमंत्री जी के किसी न किसी कार्यक्रम से जरूर जुड़िये।***

************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज पंजाब में शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर उनकी जन्मभूमि सुनाम पहुंच कर उन्हें नमन किया।मुख्यमंत्री ने शहीद उधम सिंह स्मारक पर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा -

श्री नायब सिंह ने कहा कि शहीद उधम सिंह की तपस्या उनका बलिदान देशवासियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। वो शहीद उधम सिंह के परिवार के सदस्यों से भी मिले ।श्री नायब सिंह ने वहां एक पौधा भी रोपित किया।

**************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शहीद उधम सिंह जी के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में उनका बलिदान राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मबलिदान का अप्रतिम उदाहरण है। उधम सिंह जी ने भारत माता की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। 'जंग-ए-आजादी' के इतिहास में आज भी उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। आज का दिन हमें प्रेरणा देता है कि हम भी उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री सिरसा में मुख्य धाम बाबा भूमणशाह जी में शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पंचकूला में कम्बोज सभा को प्लॉट देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि फतेहाबाद, कैथल और जगाधरी में प्लॉट लेने हेतु सभा द्वारा

आवेदन करने उपरांत उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्लॉट प्रदान किया जाएगा। इसके आलावा, मुख्यमंत्री ने हिसार के गाँव बाड़ा सुलेमान का नाम उधमपुरा करने की भी घोषणा की।

बाबा भूमण शाह मुख्य धाम की भूमि पर उनके नाम से राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण करवाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संभावना का पता लगाकर इसे पूरा करने का काम किया जाएगा। इसके अलावा, घग्गर नदी से रंगोई नाला निकालकर गांव रामपुरा ढाणी से गुजरता हुआ बनाया जाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने इसे पूरा करवाने की घोषणा की। अन्य पिछड़ा वर्ग वर्ग में श्रेणी -1 व श्रेणी-2 की नौकरियों में आरक्षण की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे ओबीसी आयोग को अवगत करा कर लागू कराने का काम किया जाएगा।

************************************************************

वन विभाग द्वारा पौधारोपण के अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज बल्लभगढ़ के सेक्टर 62 में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बल्लभगढ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने पौधरोपण किया और लोगों को पर्यावरण की रक्षा के लिए एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आह्वान किया। उन्होंने सेक्टर 62 और 63 में स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर बड़, पीपल, पिलखन जैसे छायादार पौधे लगाए। श्री मूलचंद शर्मा ने कहा -

उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत 15,000 पौधे लगाने का लक्ष्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में वन विभाग के साथ-साथ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण भी सक्रिय है और वह 8,000 पौधे लगाने की दिशा में कार्य कर रहा है। विधायक ने बताया कि कल सभी सरकारी कार्यालयों में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में भी पौधारोपण अभियान जारी है और जल्द ही इसकी समीक्षा बैठक आयोजित कर स्कूलों से अब तक लगाए गए पौधों की रिपोर्ट ली जाएगी। विधायक ने बताया कि बल्लभगढ़ में समग्र विकास के साथ-

साथ हरियाली को भी प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों, सेक्टरों और ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण कार्य लगातार जारी रहेगा और पेड़ों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

**************************************************************

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा आज सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। दूसरे दिन लाखों परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को नकल रहित और पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए बोर्ड द्वारा पर्याप्त प्रबंध की गए थे।

बोर्ड सचिव डा. मुनीष नागपाल ने बताया कि परीक्षा तीन पारियों में करवाई गई। कल प्रथम स्तर यानी पी जी टी अध्यापक के लिए परीक्षा हुई जबकि आज टी जी टी और प्राइमरी अध्यापक की पात्रता के लिए परीक्षा ली गई।

बोर्ड सचिव डा. मुनीष नागपाल ने बताया कि आज आंस्वर की जारी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि एक अगस्त से तीन अगस्त तक परीक्षार्थी परीक्षा संबंधी ऐतराज जता सकेंगे। इसके लिए प्रति प्रश्न एक हजार रूपये फीस निर्धारित की गई है। बोर्ड सचिव ने कहा कि सभी ओएमआर शीट को पुलिस एस्कॉर्ट के साथ भिवानी मुख्यालय पर लाकर स्ट्रांग रूम में कड़े सुरक्षा के बीच रखा जाएगा। परिणाम तीन सप्ताह में घोषित कर दिए जाएंगे।

*************************************************************

डाक विभाग एपीटी एप्लिकेशन जारी करने जा रहा है।

पंचकूला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि यह डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत, उन्नत प्रणाली को 4 अगस्त को जिला पंचकुला, यमुनानगर तथा अंबाला शहर क्षेत्र के सभी डाकघरों और शाखा कार्यालयों में लागू किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए, 2 अगस्त को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। उन्होने बताया कि इस दिन डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेन देन नहीं किया जाएगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा

माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फिगरेशन प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के लिए आवश्यक है।

उपायुक्त ने बताया कि एपीटी एप्लिकेशन को उपयोगकर्ता को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।